# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
# Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/R/वि0परि0/26/23
Date 01/07/2023

सेवा में,

1. प्रोफेसर डी0पी0 त्रिपाठी, प्रोफेसर-वास्तुशास्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, बी-4 कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-110016
2. प्रोफेसर डी0एस0 रावत, रसायन विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
3. प्रोफेसर एल0के0 सिंह, प्रबन्ध अध्ययन विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल।
4. प्रोफेसर नीलेश मोदी, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान विद्याशाखा/सीका, डॉ0 बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय,अहमदाबाद, गुजरात।
5. प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 कैम्पस, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नामित एक व्यक्ति जो संयुक्त सचिव से निम्न पंक्ति का न हो।
7. प्रोफेसर दुर्गेश पंत, निदेशक, कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
8. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा,उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
9. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
10. प्रोफेसर अखिलेश कुमार नवीन, निदेशक, विधि विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
11. प्रोफेसर रेनू प्रकाश, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
12. डॉ0 जीतेन्द्र पाण्डेय, सह-प्राध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
13. डॉ0 एम0एम0 जोशी, सह-प्राध्यापक, इतिहास, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
14. डॉ0 सुचित्रा अवस्थी, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
15. डॉ0 भानु प्रकाश जोशी, सहायक प्राध्यापक, योग, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
16. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
17. प्रोफेसर सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।

**महोदय/महोदया,**

दिनांक **30 जून, 2023 (शुक्रवार)** को सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की **विद्या परिषद की 26वीं बैठक** का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित है। कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन हो तो, कृपया अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके।

सादर,

1/7/23
भवदीय,

**कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद**

**प्रतिलिपि:-** कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Teenpani Bypass, Haldwani - 263139, Nainital, Uttarakhand तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी – 263139, नैनीताल, उत्तराखण्ड
**Tel.:** 05946-286 000 • **Toll Free No.:** 1800 180 4025 • **Fax:** 05946-264 232 • **E-mail:** info@uou.ac.in • **Website:** www.uou.ac.in

**दिनांक 30 जून, 2023 (शुक्रवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में प्रात: 11.30 बजे विश्वविद्यालय सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद की 26वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी,<br>कुलपति,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,<br>हल्द्वानी। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रोफेसर डी0पी0 त्रिपाठी,<br>प्रोफेसर-वास्तुशास्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,<br>बी-4 कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली। | सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर नीलेश मोदी,<br>निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान विद्याशाखा/सीका,<br>डॉ0 बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात।<br>(ऑन-लाइन माध्यम से प्रतिभाग किया गया) | सदस्य |
| 4. | प्रोफेसर एल0के0 सिंह,<br>प्रबन्ध अध्ययन विभाग,<br>कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल। | सदस्य |
| 5. | प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे,<br>निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 6. | प्रोफेसर पी0डी0 पंत,<br>निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 7. | प्रोफेसर अखिलेश कुमार नवीन,<br>निदेशक, विधि विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 8. | प्रोफेसर रेनू प्रकाश,<br>निदेशक, मानविकी विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

| | | |
|---|---|---|
| 9. | डॉ जीतेन्द्र पाण्डेय,<br>सह- प्राध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 10. | डॉ0 एम0एम0 जोशी,<br>सह- प्राध्यापक, इतिहास,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 11. | डॉ0 भानु प्रकाश जोशी,<br>सहायक प्राध्यापक, योग,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 12. | डॉ0 सुचित्रा अवस्थी,<br>सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 13. | प्रोफेसर रश्मि पंत,<br>कुलसचिव,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य सचिव |
| 14. | श्रीमती आभा गर्खाल,<br>वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी | आमंत्रित सदस्य |
| 15. | प्रोफेसर सोमेश कुमार,<br>परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी | आमंत्रित सदस्य |

विद्या परिषद की बैठक आरम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम सदस्य सचिव, विद्या परिषद द्वारा कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद तथा बैठक में उपस्थित समस्त बाह्य/आन्तरिक/आमंत्रित सदस्यों का विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 26वीं बैठक में स्वागत किया गया।

तदुपरान्त माननीय कुलपतिजी द्वारा बैठक में उपस्थित बाह्य सदस्यों- प्रोफेसर डी0पी0 त्रिपाठी, प्रोफेसर एल0के0 सिंह तथा ऑन-लाइन माध्यम से बैठक में उपस्थित प्रोफेसर नीलेश मोदी का स्वागत करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी कि उनके द्वारा अपना बहुमूल्य समय निकालकर बैठक में प्रतिभाग किया गया इसके लिए कुलपति जी द्वारा उनका विशेष आभार व्यक्त करते हुए समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों का विद्या परिषद की 26वीं बैठक में स्वागत किया गया।

समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों के स्वागतोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत कार्यसूची में सम्मिलित प्रत्येक प्रस्ताव को सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। विद्या परिषद द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्तावों पर निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**प्रस्ताव संख्या 26.01- विद्या परिषद की 25वीं बैठक दिनांक 27.12.2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुमोदन।**

सदस्य सचिव द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि विद्या परिषद की **25वीं बैठक दिनांक 27.12.2022** का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–यू0ओ0यू0/R/वि0परि0/25/2022, दिनांक 27.12.2022 द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया था कि कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। तदनुसार परिचालित कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई असहमति/संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है।

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से विद्या परिषद की 25वीं बैठक दिनांक 27.12.2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.02- विद्या परिषद की 25वीं बैठक दिनांक 27.12.2022 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

विद्या परिषद की 25वीं बैठक दिनांक 27.12.2022 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही से सदस्य सचिव द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर विद्या परिषद को विस्तार से अवगत कराया गया।

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार अवगत होते हुए सर्वसम्मति से 25वीं बैठक दिनांक 27.12.2022 की कृत कार्यवाही पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.03- विश्वविद्यालय शोध परिषद की तृतीय बैठक दिनांक 29.04.2023 के कार्यवृत्त की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय शोध परिषद की तृतीय बैठक दिनांक **29.04.2023** की संस्तुतियों का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.04- जामिया-मिल्लिया इस्लामिया क्रेन्द्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए भूगोल विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.ए. भूगोल) लागू करने हेतु उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 'भारत का भूगोल' कोर्स के स्व-अध्ययन सामग्री (SLM) का उपयोग करने के लिए अनुमति प्राप्ति हेतु विश्वविद्यालय को प्रेषित पत्र पर विचार।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि जामिया-मिल्लिया इस्लामिया, क्रेन्द्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के Centre for Distance and Online Education द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए Distance Mode Programme के अन्तर्गत भूगोल विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.ए. भूगोल) अपने विश्वविद्यालय में लागू करने हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के 'भारत का भूगोल' (Geography of India) कोर्स के स्व-अध्ययन सामग्री (SLM) का प्रयोग किये जाने हेतु इस विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त किये जाने के लिए दिनांक 22 मई, 2023 को एक पत्र प्रेषित किया गया है जिसकी प्रति प्रस्ताव के साथ विद्या परिषद के अवलोकनार्थ संलग्न की गयी है।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)



कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**निर्णय:-** जामिया-मिल्लिया इस्लामिया, क्रेन्द्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रेषित पत्र का अवलोकन करते हुए सर्वप्रथम विद्या परिषद के बाह्य सदस्यों द्वारा इस हेतु विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्व-अध्ययन सामग्री(SLM) का प्रयोग किया जाना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। तदुपरान्त विद्या परिषद द्वारा संबंधित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा जामिया-मिल्लिया इस्लामिया, क्रेन्द्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के साथ एक अनुबन्ध-पत्र हस्ताक्षर किया जाय जिसमें प्रत्येक पहलू का भली-भांति स्पष्ट अंकन हो ताकि विश्वविद्यालय की स्व-अध्ययन सामग्री(SLM) का दुरूप्रयोग ना हो सके। प्रस्ताव पर अन्तिम निर्णय हेतु विद्या परिषद द्वारा माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.05- पर्यटन आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन विद्याशाखा के अन्तर्गत पर्यटन विभाग द्वारा BTTM कार्यक्रम के लिए व्यावसायिक अध्ययन विभाग से कतिपय पाठ्यक्रमों को लघु पाठ्यक्रमों (minor courses) के रूप में सम्मिलित किये जाने के संबंध में विचार/अनुमोदन।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि पर्यटन आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन विद्याशाखा के अन्तर्गत पर्यटन विभाग द्वारा BTTM कार्यक्रम के लिए व्यावसायिक अध्ययन विभाग से कतिपय पाठ्यक्रमों को लघु पाठ्यक्रमों (minor courses) के रूप में निम्नानुसार सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। तदक्रम में प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है:-

| S.N. | Name of Courses | Course Code | Semester | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Digital Ecosystem and Social Media Applications | CVDMM -101 | I | Minor |
| 2. | Digital Promotion Strategies, Tools & Freelancing | CVDMM -102 | II | Minor Vocational |
| 3. | Applications of E-Office Management Tools | CVEOM -101 | III | Minor |
| 4. | Office Automation and Internet Skills | CVEOM -102 | IV | Minor Vocational |
| 5. | Communication Skills and Personality Development | CVEOM -103 | V | Minor |
| 6. | ICT Resources and Applications | CVTEE -101 | VI | Minor Vocational |

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तथा पर्यटन विभाग द्वारा BTTM कार्यक्रम के लिए व्यावसायिक अध्ययन विभाग से तालिकानुसार पाठ्यक्रमों को लघु पाठ्यक्रमों (minor courses) के रूप में सम्मिलित किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**प्रस्ताव संख्या 26.06- बीएड0 विशेष शिक्षा 2015 सत्र के विद्यार्थियों के लिये छः माह के Need Based Program की परीक्षा के संबंध में दिनांक 15.06.2023 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

विद्या परिषद द्वारा बीएड0 विशेष शिक्षा 2015 सत्र के विद्यार्थियों के लिये छः माह के Need Based Program की परीक्षा के संबंध में दिनांक 15.06.2023 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.07- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में अकादमिक उद्देश्यों के लिए Board of Open Schooling and Skill Education (BOSSE) की आवश्यकता/मान्यता के संदर्भ में सिक्किम राज्य के विधान सभा में दिनांक 21 सितम्बर, 2020 को पारित एक्ट के संबंध में प्राप्त पत्र पर विचार।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में अकादमिक उद्देश्यों के लिए Board of Open Schooling and Skill Education (BOSSE) की आवश्यकता/मान्यता के संदर्भ में सिक्किम राज्य के विधान सभा में दिनांक 21 सितम्बर, 2020 को पारित एक्ट को सिक्किम राज्य के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।

तदक्रम में उपाध्यक्ष, Board of Open Schooling and Skill Education (BOSSE) द्वारा विश्वविद्यालय को एक पत्र प्रेषित किया गया है। अपने पत्र के माध्यम से संबंधित द्वारा विश्वविद्यालय से अनुरोध किया गया है कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए BOSSE's की माध्यमिक/सीनियर माध्यमिक परीक्षाओं को मान्यता प्रदान करने वाला एक औपचारिक पत्र जारी करें, जिससे हमारे उत्तीर्ण छात्रों को आपके प्रतिष्ठित संस्थान में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने में सुविधा होगी। तदक्रम में प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ एवं सुझाव हेतु प्रस्तुत किया गया है।

**निर्णयः-** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया कि भविष्य में किसी प्रकार की कोई कठिनाई उत्पन्न न हो इसलिए प्रकरण पर उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) से अनापत्ति/अनुमति/सहमति प्राप्त कर ली जाय तदुपरान्त ही उपाध्यक्ष, Board of Open Schooling and Skill Education (BOSSE) द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित पत्र के क्रम में अग्रिम कार्यवाही की जाय। इस प्रकरण पर समस्त पहलूओं का परीक्षण किये जाने हेतु विद्या परिषद द्वारा प्रभारी, प्रवेश को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.08- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-20 के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर तथा AECC, SEC, VAC एवं GE कोर्सो के सूची का अनुमोदन।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई, 2023 से स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल

होनी है। प्रथम दो सेमेस्टरों के लिए पाठ्यक्रम कोड, कोर्स कोड, क्रेडिट व्यवस्था, AECC, SEC, VAC एवं GE कोर्सों की सूची विद्या परिषद के अवलोकनार्थ/ विचार हेतु प्रस्तुत की गयी है।

**निर्णयः-** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव के साथ संलग्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-20 के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर तथा AECC, SEC, VAC एवं GE कोर्सो की सूची का अवलोकन कर इस पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.09- विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023-24 में संचालित किये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की मान्यता हेतु यू0जी0सी0 (डेब) को विद्या परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रेषित की गयी पाठ्यक्रमों की सूची का अवलोकन/सूचना एवं तद्क्रम में यू0जी0सी0 (डेब) से अधिकांश पाठ्यक्रमों पर प्राप्त आपत्तियों से विद्या परिषद को अवगत कराना।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में निदेशक, अकादमिक द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023-24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने हेतु दिनांक 04 मई, 2023 तक यू0जी0सी0(डेब) में सभी पाठ्यक्रमों को मान्यता हेतु प्रेषित किया जाना आवश्यक था, किन्तु तद्समय विश्वविद्यालय विद्या परिषद की बैठक अपरिहार्य कारणों से आयोजित नहीं की जा सकी। अतएव माननीय कुलपति जी द्वारा विद्या परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में 46 पाठ्यक्रमों की सूची को अनुमोदित किया गया जिसे यू0जी0सी0(डेब) को प्रेषित किया जा चुका है। तद्क्रम में यू0जी0सी0(डेब) द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित ई-मेल दिनांक 21 जून, 2023 के माध्यम से विश्वविद्यालय के 46 पाठ्यक्रमों में से केवल 03 पाठ्यक्रमों को ही मान्यता दी गयी है तथा शेष पाठ्यक्रमों पर विद्याशाखा वार निदेशकों, विषयों के अनुसार सहायक प्राध्यापकों आदि की कमी होने का उल्लेख करते हुए आपत्ति की गयी है तथा पाठ्यक्रमों की स्वीकृति को on hold दर्शाया गया है जिनका निराकरण शीघ्र किया जाना अपेक्षित है।

निदेशक, अकादमिक ने यू0जी0सी0(डेब) द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित ई-मेल दिनांक 21 जून, 2023 के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा आपत्तियों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाही विवरण से भी विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2020 को विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में ही अंगीकृत किया जा चुका है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग रेगुलेशन का शत-प्रतिशत अनुपालन अनिवार्य है। तद्क्रम में माननीय कुलपति जी की स्वीकृति के क्रम में 08 सह-प्राध्यापकों को हेड ऑफ स्कूल (जो यू0जी0सी0 रेगुलेशन में वर्णित है) बनाया गया है तथा 23 विषयों में 46 अस्थाई शिक्षकों को नितान्त अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत छः माह की अनधिक अवधि हेतु नियोजित किये जाने हेतु विज्ञापन जारी कर दिया गया है जिस पर दिनांक 6 एवं 7 जुलाई,2023 को वॉक-इन-इन्टरव्यू कराया जाना है।

**निर्णयः-** विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023-24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने हेतु यू0जी0सी0(डेब) को विद्या परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में माननीय कुलपतिजी की स्वीकृतिपरान्त प्रेषित पाठ्यक्रमों की सूची को अनुमोदित किया गया तथा यू0जी0सी0(डेब) द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित ई-मेल दिनांक 21 जून, 2023 का अवलोकन कर निर्णय लिया गया कि यू0जी0सी0(डेब) द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाय ताकि



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

शिक्षार्थियों का हित प्रभावित न हो सके। यू0जी0सी0(डेब) से पाठ्यक्रमों की मान्यता हेतु सकारात्मक प्रयास किये जायं आवश्यकतानुसार मानव संसाधनों की आपूर्ति हेतु विद्या परिषद द्वारा माननीय कुलपति जी को सम्यक कार्यवाही हेतु अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.10- श्री कमल त्यागी पुत्र स्व. श्री मदन शर्मा, शंकर पट्टी, ग्राम व पो0 कुटसेरा, ब्लॉक चरथावल, जनपद व तहसील मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में Defence and Strategic Studies में पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में माननीय श्री राज्यपाल एवं भारत के प्रधानमंत्री को प्रेषित प्रत्यावेदन पर विचार।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि श्री कमल त्यागी पुत्र स्व. श्री मदन शर्मा, शंकर पट्टी, ग्राम व पो0 कुटसेरा, ब्लॉक चरथावल, जनपद व तहसील मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 जिनके द्वारा डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश से इलैक्ट्रानिक एण्ड कम्युनिकेशन इन्जीनियरिग में प्रौद्योगिकी की स्नातक उपाधि प्राप्त की है, के द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय एवं भारत के प्रधानमंत्री को अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया है जिसके माध्यम से उनके द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के द्वारा Defence and Strategic Studies में पाठ्यक्रम संचालित करने का आग्रह किया गया है। तद्क्रम में शासन के पत्रांक 538/XXIV-C-1/2023-03(01)/2019 दिनांक 31 मई, 2023 के द्वारा प्रश्नगत प्रकरण पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई है।

<u>निर्णय:-</u> प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुए संस्तुति की गयी कि श्री कमल त्यागी द्वारा माननीय श्री राज्यपाल एवं भारत के प्रधानमंत्री को प्रेषित प्रत्यावेदन के अनुसार विश्वविद्यालय में Defence and Strategic Studies पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु एस.एल.एम. तैयार कर मान्यता प्राप्त किये जाने हेतु यू0जी0सी0 को प्रेषित किया जाय तथा यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त होने के उपरान्त ही संचालित किया जाय। विद्या परिषद द्वारा संबंधित प्रकरण पर मानकों की पूर्ति के लिए कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.11- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत मुख्य विषयों के साथ-साथ लघु पाठ्यक्रमों (minor courses) का चुनाव किये जाने हेतु पाठ्यक्रमों की सूची पर विचार/अनुमोदन।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत तैयार किए गए पाठ्यक्रमों की पृथक-पृथक बॉस्केट में से शिक्षार्थियों को मुख्य विषयों के साथ-साथ **लघु पाठ्यक्रमों (minor courses)** का भी चुनाव किया जाना होगा। अत: उक्त **लघु पाठ्यक्रमों (minor courses)** की सूची विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत की गयी है।

<u>निर्णय:-</u> विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव के साथ संलग्न लघु पाठ्यक्रमों (minor courses) की सूची का अवलोकन कर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल

**प्रस्ताव संख्या 26.12- संस्कृत विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी श्री राकेश चन्द्र गुणवंत नामांकन संख्या-12025602 की दिनांक 27.06.2023 को सम्पन्न मौखिक परीक्षा की आख्या का अनुमोदन।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि संस्कृत विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी श्री राकेश चन्द्र गुणवंत, नामांकन संख्या-12025602 शोध शीर्षक **''श्रीमद्भागवत महापुराण के एकादश एवं द्वादश स्कन्धों का सांस्कृतिक अनुशीलन''** हेतु पीएच0डी0 मौखिक परीक्षा डॉ0 देवेश कुमार मिश्र शोध निदेशक एवं बाह्य विशेषज्ञ प्रोफेसर ब्रजेश कुमार पाण्डे द्वारा ऑन-लाईन प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 27.06.2023 को सम्पन्न करा ली गयी है। संलग्न मौखिक परीक्षा की आख्या को माननीय कुलपति जी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| पीएच.डी. शोधार्थी का नाम | नामांकन संख्या | शोध निर्देशक | पीएच.डी. मौखिक परीक्षा की तिथि | विभाग विषय/ | शोध शीर्षक |
|---|---|---|---|---|---|
| राकेश चन्द्र गुणवंत | 12025602 | डॉ0 देवेश कुमार मिश्र | 27 जून, 2023 | संस्कृत | **''श्रीमद्भागवत महापुराण के एकादश एवं द्वादश स्कन्धों का सांस्कृतिक अनुशीलन''** |

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा संस्कृत विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी श्री राकेश चन्द्र गुणवंत, नामांकन संख्या-12025602 शोध शीर्षक **''श्रीमद्भागवत महापुराण के एकादश एवं द्वादश स्कन्धों का सांस्कृतिक अनुशीलन''** हेतु पीएच0डी0 मौखिक परीक्षा की आख्या दिनांक 27 जून, 2023 पर यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.13- विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 लागू किये जाने हेतु विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत विभिन्न विषयों की सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) द्वारा NEP के तहत पाठ्यक्रम निर्मित किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रम सं0 | विद्या शाखा का नाम | विषय | पाठ्यक्रम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | मानविकी | अंग्रेजी | अंग्रेजी में स्नातक |
| | | हिन्दी | हिन्दी में स्नातक |
| | | वैदिक ज्योतिष | ज्योतिष में स्नातक |
| | | भारतीय कर्मकाण्ड | कर्मकाण्ड में स्नातक |
| | | संगीत | संगीत में स्नातक |
| | | संस्कृत | संस्कृत में स्नातक |
| | | उर्दू | उर्दू में स्नातक |
| 2. | समाज विज्ञान | अर्थशास्त्र | अर्थशास्त्र में स्नातक |



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | इतिहास | इतिहास में स्नातक |
| | | राजनीति विज्ञान | राजनीति विज्ञान में स्नातक |
| | | मनोविज्ञान | मनोविज्ञान में स्नातक |
| | | लोक प्रशासन | लोक प्रशासन में स्नातक |
| | | समाजशास्त्र | समाजशास्त्र में स्नातक |
| 3. | प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य | प्रबन्ध अध्ययन | प्रबन्ध अध्ययन में स्नातक |
| | | वाणिज्य | वाणिज्य में स्नातक |
| 4. | विज्ञान | वनस्पति विज्ञान | वनस्पति विज्ञान में स्नातक |
| | | रसायन विज्ञान | रसायन विज्ञान में स्नातक |
| | | गणित | गणित में स्नातक |
| | | भौतिक विज्ञान | भौतिक विज्ञान में स्नातक |
| | | जन्तु विज्ञान | जन्तु विज्ञान में स्नातक |
| 5. | कम्प्यूटर सांइस एवं सूचना प्रौद्योगिकी | कम्प्यूटर सांइस | कम्प्यूटर सांइस में स्नातक |
| 6. | व्यवसायिक अध्ययन | व्यवसायिक अध्ययन | कौशल/व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम |
| 7. | पर्यटन आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन | पर्यटन एवं आतिथ्य | पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन में स्नातक |
| 8. | स्वास्थ्य विज्ञान | योग | योग में स्नातक |
| | | गृहविज्ञान | गृहविज्ञान में स्नातक |
| 9. | शिक्षाशास्त्र | शिक्षाशास्त्र | शिक्षाशास्त्र में स्नातक |
| 10 | भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान | वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान | वानिकी में स्नातक |
| | | भूगोल एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन | भूगोल में स्नातक |

उक्तानुसार विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों की संस्तुतियॉ विद्या परिषद के अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। अध्ययन बोर्ड द्वारा NEP के तहत निर्मित पाठ्यक्रम/पी0पी0आर का अवलोकन किये जाने हेतु अध्ययन बोर्ड की समस्त विषयों की पत्रावलियॉ विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत की जा रही है।

उक्त के अतिरिक्त शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के अन्तर्गत विशिष्ट शिक्षा विभाग की दिनांक 17 मई, 2023 को अध्ययन बोर्ड की ऑनलाईन बैठक सम्पन्न हुई। अध्ययन बोर्ड की संस्तुतियॉ निम्नानुसार विद्या परिषद के अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत है:-

1. बीएड (विशेष शिक्षा) के LD/MR पाठयक्रम में सत्र 2019 के जिन विद्यार्थियों ने 2nd सेमेस्टर में जनवरी 2020 में प्रवेश लिया था उनके प्रश्न पत्र C12 (LD/MR) में Theory व Assignment में क्रमश: 30 व 20 अंक रहेंगे व परीक्षाफल का कुल पूर्णांक 1950 रहेगा। जिन विद्यार्थियों ने 2nd सेमेस्टर में जुलाई, 2020 में या बाद में प्रवेश लिया था उनके प्रश्न-पत्र C12 (LD/MR) में Theory व Assignment में क्रमश: 60 व 40 अंक रहेंगे व परीक्षाफल का कुल पूर्णांक 2000 किये जाने पर सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया।



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

2. सांकेतिक भाषा (Sign Language) में डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठयक्रम प्रारम्भ किये जाने के लिये ISLRTC, New Delhi के द्वारा पाठयक्रम में दिये गये सुझाव पर सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया।

**निर्णयः-** विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डो की संस्तुतियों एवं अध्ययन बोर्ड द्वारा NEP के तहत निर्मित पाठ्यक्रम/पी0पी0आर का अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया तथा मानविकी विद्याशाखा के अन्तर्गत संगीत विषय का नामांकन यू0जी0सी0 के Nomenclature के अनुसार ही किये जाने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.14- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

**प्रस्ताव संख्या 26.14.01- विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में शुल्क वृद्धि हेतु दिनांक 29.03.2023 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों पर विचार/अनुमोदन।**

विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में शुल्क वृद्धि हेतु दिनांक 29.03.2023 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.14.02- विश्वविद्यालय में छः माह से अनधिक अवधि हेतु नियोजित अस्सिटेन्ट प्रोफेसर(ए.सी.) द्वारा अनिवार्य रूप से ईकाई लेखन किये जाने के संबंध में विचार।**

विद्या परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में नियुक्त/नियोजित स्थायी/अस्थायी शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन किये जाने के संबंध में यह व्यवस्था दी गयी कि सीका द्वारा सभी पहलूओं का परीक्षण कर एक प्रस्ताव तैयार कर कुलपति जी को प्रस्तुत किया जाय जिस पर निर्णय हेतु विद्या परिषद द्वारा कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 26.14.03- विश्वविद्यालय में निर्मित सांइस ब्लॉक को हस्तांतरित (hand over) किये जाने के संबंध में विचार।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा स्पष्ट मत व्यक्त किया गया कि शिक्षार्थी हित में संबंधित कार्यदायी संस्था से विश्वविद्यालय में निर्मित सांइस ब्लॉक को विश्वविद्यालय की विज्ञान विद्याशाखा को अविलम्ब हस्तांतरित (hand over) करा लिया जाय ताकि समय पर विज्ञान विषयों की प्रयोगशालाएं संचालित की जा सकें तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग रेगुलेशन-2020 का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यसूची में सूचीबद्ध समस्त प्रस्तावों एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के उपरान्त विद्या परिषद के सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों, विशेषकर बाह्य सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

**कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद**

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

**कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद**

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)